कार्यालय वन संरक्षक यमुना वृत्त,उत्तराखण्ड, देहरादून ।

पत्रांक 886 / 12–1 (1) दिनांक, देहरादून,सितम्बर, 18, 2015

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
अपर यमुना वन प्रभाग,बड़कोट ।

विषयः– जनपद उत्तरकाशी में नोगांव विकास खण्ड के अन्तर्गत सिंचाई उप खण्ड चतुर्थ की फूलधार नगर निर्माण में आ रही 0.2695 हे0 वन भूमि का हस्तान्तरण प्रस्ताव।

सन्दर्भः– आपका पत्रांक 410 / 12–1 दिनांक 18–8–2015 एफ0पी0 / यू0के0 / इरिगे / 13163 / 2015

महोदय,

कृपया उक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। आपने विषयाकिंत प्रस्ताव इस कार्यालय को दिनांक 24–8–2015 को ऑन लाईन प्रेषित किया है, किन्तु उक्त प्रस्ताव की हार्ड प्रति 26 दिन के बाद भी उपलब्ध नहीं करवायी गयी है। उच्च स्तर के निर्देश के अनुसार वन भूमि हस्तान्तरण के प्रस्तावों को ऑन लाईन प्रेषित किये जाने के साथ–साथ ही प्रस्ताव की हार्ड प्रति उपलब्ध कराने के निर्देश है तथा ऑन लाईन प्रस्तावों को प्राप्ति कार्यालयों को 10 दिन के अन्दर निस्तारित किये जाने के निर्देश हैं। आप दिये गये निर्देशों के क्रम में वन भूमि हस्तान्तरण के प्रस्तावों को इस कार्यालय की साईट में ऑन लाईन अपलोड किये जाने के साथ–साथ उक्त प्रस्ताव की हार्ड प्रति भी उपलब्ध करायी जाये। ताकि हार्ड प्रति से प्रस्ताव का निर्धारित चैक लिस्ट के अनुसार परीक्षण कर अग्रेत्तर कार्यवाही की जानी समभव हो सके।

आपके स्तर से ऑन लाईन प्रेषित प्रस्ताव वापिस लौटाया जाता है।

भवदीय,

18/9
(KISHORE KUMAR)
Senior Administrative Officer
Yamuna Circle, Uttarakhand
Dehradun

(आर0के0मिश्र)
वन संरक्षक,
यमुना वृत,उत्तराखण्ड,देहरादून ।

संख्या 886 (1) / 12-1(1) उक्त दिनांकित ।

प्रतिलिपि अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पुरोला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित । आप प्रभागीय वनाधिकारी, अपर यमुना वन प्रभाग, बड़कोट के माध्यम से उक्त प्रस्ताव को ऑन लाईन अपलोड करवाते हुए उक्त की हार्ड प्रति भी इस कार्यालय को साथ–साथ उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

18/9
(KISHORE KUMAR)
Senior Administrative Officer
Yamuna Circle, Uttarakhand
Dehradun

O/C

(आर0के0मिश्र)
वन संरक्षक,
यमुना वृत,उत्तराखण्ड,देहरादून ।